इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, सोमवार, 13 मार्च 2023
वर्ष 15 अंक 187 मूल्य 3-00 रुपया पृष्ठ- 12

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

तापमान - अधिकतम 33.0°C (+1.8) न्यूनतम 17.9°C(+2.9) सेंसेक्स 59,135.13 (-671.15) निफ्टी 17,412.90 (-176.60) सोना 57,050 चांदी 65,700 मुद्रा - डालर 81.95 दिरहम 22.31 रियाल 21.85

प्रो. अब्बास अली मेहदी का हुआ सम्मान

लखनऊ (सं)। नेशनल यूनानी डॉक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रोफेसर अब्बास अली मेंहदी के एरा यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर नियुक्त होने पर उनके सम्मान समारोह का आयोजन होटल आरिफ कैसल लखनऊ में किया गया जिसमें मशहूर हकीम पद्मश्री प्रोफेसर सैय्यद जिल्लुर रहमान साहब मुख्य अतिथि एवं यशभारती प्राप्त हकीम हस्सान नगरामी साहब पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सीआरआईयूएम व पैट्रन एनयूडीडब्ल्यूए तथा प्रोफेसर नसीम जमाल पूर्व रेडियोलॉजी प्रमुख केजीएमयू विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष डा सैय्यद मुईद अहमद ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर्स से प्रोफेसर अब्बास अली मेंहदी साहब द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों से परिचय करवाया। इस अवसर पर प्रोफेसर अब्बास अली मेंहदी ने एसोसिएशन द्वारा यूनानी चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर खुशी जताते हुए इस में एरा यूनिवर्सिटी द्वारा हर तरह का सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।